Regarding corruption and black money in the Country

श्री संजय सेठ **(राँची) :** सभापति महोदय, देश में एक ट्वीट बहुत वायरल हो रहा है। वह ट्वीट है - नोटबंदी के बाद देश में इतना काला धन और भ्रष्टाचार देखकर मन बहुत व्यथित हो रहा है। मेरी समझ में नहीं आता है कि कहां से लोग इतना काला धन जमा कर लेते हैं। अगर इस देश से कोई भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म कर सकता है, तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। यह ट्वीट 12 अगस्त, 2022 का है। यह ट्वीट है, ? अब कांग्रेस पार्टी जवाब दे कि किसने यह भ्रष्टाचार, किसने यह काला धन?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, किसी का नाम मत लीजिए। नाम को रिकॉर्ड से हटा दीजिए।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। मैंने व्यवस्था दे दी है।

? (व्यवधान)

श्री संजय सेठ **:** महोदय, सुनो-सुनो, धैर्य रखो।?(व्यवधान) 500 करोड़ रुपये कहां से आए? इसका जवाब दो।?(व्यवधान) झारखंड खनिजों का भंडार है, लेकिन इन दिनों वह भ्रष्टाचार की खदान बन चुका है। इंडी गठबंधन, जवाब दो। ? का मुंह क्यों बंद हो गया है? ? का मुंह क्यों बंद हो गया है? कांग्रेस पार्टी के सांसद, ??(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, किसी भी सदस्य का नाम मत लीजिए।

? (व्यवधान)

श्री संजय सेठ **:** महोदय, अभी तक गिनती जारी है।?(व्यवधान) अनुमान है कि 800 से 900 करोड़ रुपये बरामद होंगे।?(व्यवधान) 176 बैग्स में से 140 बैग्स की गिनती हुई है। अभी भी 36 बैग्स बाकी हैं।?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, अखबार मत दिखाइए।

? (व्यवधान)

श्री संजय सेठ **:** महोदय, मैं शून्य काल में?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, आप सब बैठ जाइए ।

? (व्यवधान)

श्री संजय सेठ **:** महोदय, देश की सुरक्षा का सवाल है, राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल है।?(व्यवधान) मुझे बोलने का मौका दिया जाए।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। केवल संजय सेठ जी की ही बात रिकॉर्ड में जाएगी।

? (व्यवधान)?

श्री संजय सेठ **:** महोदय, देश के गद्दारों का मुंह काला करना है। आप देखिए कि 500 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी 176 बैग्स में से 140 बैग्स ही खुले हैं।?(व्यवधान) झारखंड में ईडी?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। समाचार पत्र मत दिखाइए। अखबार मत दिखाइए।

? (व्यवधान)

श्री संजय सेठ **:** सभापति जी, आप देखिए कि कैसे ईडी के अधिकारियों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है।?(व्यवधान) ईडी के अधिकारियों को रेप केस में फंसाने की धमकी?(व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, आप सब लोग बैठ जाइए। आप भी बैठ जाइए।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** श्री भागीरथ चौधरी जी।

? (व्यवधान)